
तापमान
अधिकतम 46 .0 डिग्री
न्यूनतम 29 .5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 29 मई 2026

11 तूफानी बारिश के साथ गिरे ओले, नौतपा का चौथा दिन रहा सबसे गर्म, शाम को मिली राहत



12 प्री-मानसून दस्तक देने को तैयार, गंदगी से सरोबार शहर के नाले ...






## खबर संक्षेप

### जालसाजी मामले का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने गत वर्ष दिसंबर माह में दर्ज किए गए जालसाजी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत वर्ष 3 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले की जांच पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई थी। पीड़ित ने उसके साथ जालसाजी करने के आरोप लगाए थे। मामले में एक आरोपी नंदरामपुर बास निवासी नरेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह मूल रूप से राजस्थान के राबड़का का रहने वाला है।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। गढ़ी बोलनी रोड पर हुए हादसे बाइक की टक्कर लगने से एक व्यक्ति घायल हो गया था। पुलिस ने घायल के बयान पर 27 मई को आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में बाइक चालक सराय बलभद्र निवासी करण सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी बाइक कब्जे में ले ली। आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### धोखाधड़ी मामले का आरोपी चढ़ा हत्थे

**कोसली।** पुलिस ने धोखाधड़ी के पुराने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत वर्ष विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई थी। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने यूपी के शुतुरखाना तैलियागंज निवासी सुशांत को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। मामले के अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

*कैबिनेट मंत्री ने दी जानकारी, कहा, औद्योगिक एरिया में स्थापित किए जाएंगे नए फायर स्टेशन*

# प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा दे रही सरकार

## सीएम 1 जून को करेंगे नई उद्योग नीति की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रदेश के उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है। सीएम 1 जून को गुरूग्राम में नई उद्योग नीति की घोषणा करेंगे। यह उद्योग नीति दूसरे राज्यों से हटकर होगी, जो उद्योगपतियों को निवेश के लिए आकर्षित करेगी। नरबीर वीरवार को वीर सांवरकर मंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से कदम उठा रही है। उद्योगपतियों को बेहतर माहौल मुहैया कराया जा रहा है। नई उद्योग नीति उद्योगपतियों के लिए कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में बावल और धारूहेड़ा औद्योगिक क्षेत्रों में हुई आगजनी की घटनाओं को देखते हुए सरकार ने औद्योगिक एरिया में अलग फायर स्टेशन खोलने की योजना बनाई है। गुरूग्राम के फरुखनगर, पटौदी और महेंद्रगढ़ के कनीना के साथ-साथ कई अन्य कस्बों में भी फायर स्टेशन बनाए जाएंगे। एक सवाल के जवाब में राव नरबीर सिंह ने कहा कि विकासकार्यों के चलते पेड़ काटे जाते हैं, लेकिन उनकी भरपाई के लिए कई गुणा ज्यादा पौधे भी लगवाए जाते हैं। यह बात और है कि पौधों को पेड़ बनने में समय लगता है। सरकार प्रदेश में वन क्षेत्र को बढ़ावा देने की दिशा में भी आवश्यक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को विश्व स्तर पर अच्छा मान मिल रहा है। उनके विदेश जाने पर भी जमकर स्वागत होता है। इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ।

### यह लोग रहे कार्यक्रम में मौजूद

इस अवसर पर विभिन्न संगठनों के सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिनमें अधिवक्ता नरेश चौहान, शशी भूषण सैनी, सुधीर भार्गव, हरेंद्र यादव, प्रो. रमेशचंद्र शर्मा, दशरथ चौहान, दिनेश कपूर, दयाराम आर्य, देशराज यादव, शिवकुमार, अनिल यादव, देशराज जाखड़ लोहानी, सुनील शर्मा, नैंसी, वंशिका, यश जाखड़ व कई अन्य लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ता व गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि




रेवाड़ी। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते राव नरबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि




रेवाड़ी। कैबिनेट मंत्री को सम्मान पत्र सौंपते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### राजनीतिक कारणों से हटाया नाम

*राव नरबीर सिंह ने गत दिनों ग्रीवेंस कमेटी की अध्यक्ष सूची में नाम शामिल करने के एक दिन बाद ही नाम हटाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उनका नाम राजनीतिक कारणों के चलते हटाया गया है। उनके स्थान पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंगों की अध्यक्षता करेंगे। गत दिनों गुरूग्राम के विकास को लेकर राव इंद्रजीत सिंह की टिप्पणी ने राव नरबीर ने कहा कि गुरूग्राम का भाजपा सरकार में जमकर विकास हुआ है। राव के बयान उनकी अपनी सोच हो सकती है।*

### सच्चे राष्ट्र भक्त थे वीर सावरकर

इससे पूर्व अखिल भारतीय वीर सावरकर मंच तथा वीर सावरकर उद्यान विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वीर सावरकर जयंती समारोह में अखंड भारतवर्ष द्वार की आधारशिला रखने के बाद राव नरबीर सिंह ने कहा कि क्रांतिवीर वीर सावरकर एक सच्चे राष्ट्रभक्त थे, इसलिए उनके राष्ट्रहित में योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने आयोजन समिति को 25 लाख रुपये तथा विधायक लक्ष्मण सिंह ने 10 लाख रुपये अनुदान देने की घोषणा की। अध्यक्षीय संबोधन में अशोक सोमाणी ने निर्माणाधीन द्वार को शहर का गौरव करार दिया।

### संस्था के उद्देश्यों पर डाला प्रकाश

मंच के संरक्षक आचार्य श्रीनिवास शर्मा शास्त्री ने मंच के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए अभिनंदन पत्र प्रस्तुत किया। समिति के अध्यक्ष रिपुदमन गुप्ता ने शाब्दिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर दानवीरों को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति की ओर से तरुण जैन, ऋषि सिंहल, शिवकुमार, तरुण जैन, राजेंद्र सिंघल, मनीष गुप्ता, दिनेश कौशिक, खूबराम धूपिया, शशि सैनी, महिपाल आदि ने विभिन्न प्रभार संभाले तथा उपाध्यक्ष डा. पवन गोयल ने सभी का आभार जताया।

## देशी कट्टा व कारतूस के साथ आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** सीआईए कोसली की टीम ने रामगढ़ रोड फ्लाईओवर के पास एक आरोपी को देशी कट्टे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ सदर पुलिस थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया है। आरोपी से पूछताछ करने के बाद उसे कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया। सीआईए कोसली को सूचना मिली थी कि धर्मबीर ऊर्फ मोटा निवासी गांव ढालियावास के अवैध हथियार है। वह रामगढ़ रोड फ्लाईओवर के नीचे साधन के इंतजार में खड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद सीआईए की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। फ्लाईओवर के नीचे खड़े युवक ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन सीआईए की टीम ने उसे पीछा करते हुए काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक देशी कट्टा व कारतूस बरामद हुए। उसे गिरफ्तार करने के बाद थाना सदर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया। बाद में उसे जेल भेजने के लिए एस्कोर्ट गार्द के हवाले कर दिया गया।



## नशीले पदार्थ गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रोहड़ाई थाना पुलिस ने अवैध नशीला पदार्थ गांजा की खरीद फरोख्त करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रोहड़ाई निवासी सुरेश कुमार व सुधीर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी सुरेश के कब्जे से 44.36 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है। गत 27 मई को पुलिस को सूचना मिली थी की सुरेश कुमार निवासी रोहड़ाई नशीला पदार्थ गांजा बेचने व पीने का काम करता है तथा करावरा मानकपुर फ्लाईओवर के पास गांजा बेचने का इंतजार कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके से आरोपी को गांजा सहित काबू कर लिया। पुलिस ने नशा तस्करी के स्त्रोत का पता लगाते हुए गांजा सप्लाई करने वाले आरोपी सुधीर को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।



## अनाजमंडी से सरसों चोरी करने का आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



मॉडल टाउन थाना पुलिस ने अनाजमंडी से दो आढ़तियों के सरसों के कट्टे चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त कार भी कब्जे में ली है। उसे कोर्ट से एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। नई अनाज मंडी निवासी हितेश गुप्ता ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह नई अनाज मंडी में सरसों का कमीशन एजेंट है। उसकी दुकान के बाहर सरसों के कट्टे रखे हुए हैं, जिनमें से 8 कट्टे चोरी हो गए। आसपास पूछताछ करने पर उसके पड़ोसी महेश ने बताया कि उसकी दुकान से भी सरसों के दो कट्टे चोरी हुए हैं। दोनों आढ़तियों ने दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की तो एक व्यक्ति स्विफ्ट कार में सरसों के कट्टे ले जाता हुआ दिखाई दिया। उन्होंने फुटेज पुलिस को सौंप दी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने हितेश की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने रामसिंहपुरा निवासी सतबीर को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। स्विफ्ट कार भी पुलिस ने कब्जे में ले ली। आरोपी को पूछताछ के लिए कोर्ट से रिमांड पर लिया गया है।

### जोहड़ में मिला लापता हुए श्रमिक का शव

**रेवाड़ी।** दो दिन पहले घर जाने के लिए ठोठवाल गांव से निकले एमपी के एक श्रमिक का शव वीरवार सुबह गांव के जोहड़ में तैरता मिला। पुलिस ने जोहड़ से शव निकलवाने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। पोस्टमार्टम के लिए मृतक के परिजनों का इंतजार किया जा रहा था। एमपी के दमोह जिला के गांव अमाना निवासी 27 वर्षीय रब्बू लोधी गांव में चल रहे हरिजन चौपाल के कार्य में मजदूरी करता था। वह दो दिन पहले अपने घर जाने की बात कहकर निकल गया था। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की थी। वीरवार सुबह गांव के लोगों ने जोहड़ में शव तैरता दिखाई देख पुलिस को सूचना दी।



रोचक
शिखर चंद जैन

# इन घरों को देखकर कहोगे OMG!

बच्चो, अधिकतर घर एक निश्चित शेप, साइज और डिजाइन में बने होते हैं। लेकिन तुम्हें जानकर अचरज होगा कि दुनिया में कुछ ऐसे अजब-अनोखे घर भी बनाए गए हैं, जिनको देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। इनकी अजीबो-गरीब संरचना को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। ऐसे ही कुछ बेहद अनूठे घरों के बारे में जानो।

### क्रेजी हाउस वियतनाम

**वियतनाम के** दा लाट में स्थित क्रेजी हाउस को कोई पहली बार देखे तो यह किसी हॉरर मूवी का हिस्सा



लगता है। यह किसी विशाल डेड ट्री जैसा दिखता है। इस घर में सीधी लाइन में दीवारें या परफेक्ट एंगल वाले कॉर्नर नहीं हैं। इसमें सीढ़ियां गुफाओं जैसी लगती हैं और खिड़कियां मकड़ी के जालों जैसी। मजेदार बात यह है कि यहां के हर कमरे का नाम किसी जानवर के नाम पर रखा गया है, जैसे- टाइगर रूम, ईगल रूम आदि। वास्तुकार डेंग वियत नगा ने अपनी अनोखी कल्पना को साकार रूप देने के लिए इस क्रेजी हाउस का निर्माण किया था। *



### उल्टा घर पोलैंड

**पोलैंड के** सिजमबार्क में एक ऐसा घर मौजूद है, जिसे देखकर तुम अचरज में पड़ जाओगे। इस उल्टे घर यानी इनवर्स हाउस की छत जमीन पर और फर्श आसमान की ओर है। अटपटी बनावट के कारण इस घर के अंदर जाने पर लोगों को अकसर चक्कर आने लगते हैं क्योंकि उनका बैलेंस बिगड़ जाता है। मजे की बात यह है कि इस घर के अंदर फर्नीचर भी छत से उल्टा लटका रहता है। *

### क्यूब हाउस नीदरलैंड

**नीदरलैंड देश** के रॉटरडैम में ऐसे कई घर हैं, जिन्हें क्यूब हाउस कहा जाता है। इन घरों के ऊपरी सिरे पर



45 डिग्री के एंगल पर झुके हुए पीले रंग के क्यूब्स बने हैं। यहां का हर घर एक पेड़ का प्रतिनिधित्व करता है। इस तरह देखा जाए तो सारे घर मिलकर एक 'शहरी जंगल' बनाते हैं। घर के अंदर की दीवारें और खिड़कियां तिरछी बनी हैं, जिससे फर्नीचर सेट करना मुश्किल होता है। ये क्यूब हाउस बाहर से बहुत ही अट्रैक्टिव नजर आते हैं, जिन्हें देखने दूर-दूर से पर्यटक आते हैं। *



### हाउस एनए जापान

**जापान के** टोक्यो शहर में स्थित हाउस एनए, पूरी तरह कांच से बना है। यह पेड़ों की शाखाओं की तरह अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर बना है। प्राचीन काल में जिस तरह इंसान, पेड़ों पर, खुले माहौल में रहते थे। आर्किटेक्ट सु फुजीमोटो इस घर में रहने वालों को कुछ उसी तरह का अनुभव देना चाहते थे। इसलिए उन्होंने ऐसा अनोखा घर बनाया। जापान में निजी घरों के अलावा, कई सार्वजनिक स्थलों पर भी इस तकनीक का उपयोग किया गया है। *

### ड्रिना रिवर हाउस सर्बिया

**सर्बिया देश** के बाजिना बास्ता में स्थित छोटा-सा लकड़ी का घर ड्रिना रिवर हाउस, 1968 से सर्बिया



की ड्रिना नदी के बीच एक चट्टान पर टिका हुआ है। इसे कुछ तैराकों ने आराम करने के लिए बनाया था। हैरानी की बात यह है कि इस नदी में कई बार भयानक बाढ़ आई, लेकिन यह छोटा सा घर आज भी अडिग खड़ा है। यह घर दुनिया के सबसे शांत और अकेले घरों में से एक माना जाता है। *



### हॉबिट हाउस वेल्स

**यूरोपीय देश** वेल्स के पेमब्रोक शायर में स्थित हॉबिट हाउस, बिल्कुल वैसा ही दिखता है जैसा 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' फिल्म में दिखाया गया है। इसे साइमन डेल ने बनाया था। इस घर को तैयार करने में उन्होंने मिट्टी, पत्थर और लकड़ियों का इस्तेमाल किया। पूरी तरह से ईको-फ्रेंडली इस घर में बिजली के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग किया जाता है। इस घर को बनाने में 3,000 पाउंड (लगभग 4 लाख रुपए) का खर्च आया था। *



### कासा डो पेनेडो पुर्तगाल


**पुर्तगाल में** स्थित कासा डो पेनेडो को 'पत्थर का घर' कहा जाता है क्योंकि यह चार बड़े प्राकृतिक ग्रेनाइट पत्थरों के बीच बना है। इसका निर्माण 1972 में एक फैमिली के हॉलिडे होम के रूप में किया गया था। इसमें बुलेटप्रूफ खिड़कियां और एक पत्थर का बना स्विमिंग पूल भी है। इस घर में बिजली का कनेक्शन नहीं है। अपने अनोखे डिजाइन और आस-पास के प्राकृतिक वातावरण के कारण देश-विदेश के पर्यटक इस घर को देखने आते हैं। *



छोटी कहानी
पावनी

मीनू और मोनू ने गर्मियों में कुछ नया करने की सोची। इसके लिए दोनों ने मां से कुछ पैसे भी मांगे। मां ने तुरंत वो पैसे निकाल कर दे दिए, जो उन्होंने मजेदार बचत करके जमा किए थे। आखिर मां की यह मजेदार बचत क्या थी?

# मजेदार बचत



गर्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी थीं। मीनू और मोनू इन छुट्टियों में कुछ नया सीखना चाहते थे। दोनों मां के पास आकर बोले, 'मां हमें कुछ नया करना है।'

मीनू-मोनू की बातें सुनकर मां बोलीं, 'वाह! बहुत अच्छा विचार है बच्चो। तुम दोनों इस बार गर्मी की छुट्टियों में कुछ न कुछ नया जरूर सीखो।'

'मगर मां, इसके लिए तो हमें कुछ एक्स्ट्रा पैसे चाहिए।' मीनू-मोनू एक साथ बोले। 'ओह, तो इसमें परेशानी की कौन-सी बात है। यह लो मजेदार बचत का गुल्लक। इसमें से ले लो रुपए।' मां ने एक गुल्लक लाकर उनके सामने रख दिया।

'मजेदार बचत! अरे यह कैसी बचत है मां?' मीनू-मोनू को हैरानी हुई।

मां ने बताया, 'यह तुम दोनों की ही बचत है। यह बचत हमने इस तरह की है, तुम्हें मालूम ही नहीं पड़ा। याद करो, जब-जब तुम बाहर से समोसा, कचौरी वगैरह खाने की जिद करते थे, मैं घर पर ही बना देती थी। इस तरह कई बार हुआ। इससे काफी पैसे बच गए, जो मैंने गुल्लक में डाल दिए।'

मीनू-मोनू को मां की बातें सुनकर बड़ा अच्छा लगा। मां ने आगे भी बताया, 'इतना ही नहीं, तुम दोनों ने कितनी ही बार पानी की बचत की, बेवजह पानी नहीं बहने देते थे। बिजली की भी बचत की। प्रत्येक रविवार को तुम दोनों बाहर बैठकर पढ़ते थे। पानी भी जरूरत भर खर्च करते थे। इससे बिजली और पानी का बिल कम आया। उस बचत के रुपए भी मैं इसी गुल्लक में डाल देती थी। तो यह एक तरह से तुम दोनों की ही कमाई है बच्चो।' मां यह कहकर हंस दीं।

दोनों बच्चे पैसों से भरी गुल्लक देखते ही रह गए। मोनू बोला, 'अरे वाह मां। हमने इतनी बचत कर ली!'

मीनू और मोनू ने गुल्लक को तोड़कर रुपए गिने। मीनू खुशी से बोली, 'ओह, यह तो बहुत ही अधिक पैसे हैं मां। हमारा काम तो इससे कम पैसों में हो जाएगा।'

'तो ठीक है, जितने पैसे तुम दोनों को चाहिए, रख लो। जो बच जाएं, उसकी एक और गुल्लक बना लो।' मां बोलीं।

मीनू-मोनू दोनों उत्साहित स्वर में बोले, 'मां, हम जरूर गुल्लक बनाएंगे और मजेदार बचत करेंगे। हम हमेशा पानी और बिजली बचाएंगे, इसके अलावा जहां हम बचत कर सकते हैं, करेंगे।' 'मुझे तुम पर गर्व है बच्चो।' मां दोनों को गले लगाते हुए बोलीं। *

कविता / गोविंद भारद्वाज

# मेरी साइकिल !

सबको पीछे छोड़ घुमाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!
कच्चा हो या पक्का रस्ता,
साधन लगता सबको सस्ता।
रोज सुबह मैं पढ़ने जाता,
रखकर पीछे अपना बस्ता।
ट्रिन-ट्रिन का शोर मचाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!
पैडल मार मैं इसे चलाऊं,
गली-गली में रोज घुमाऊं।
सर्कस के जोकर के जैसे,
दो पहियों पर खूब नचाऊं।
हरदम मेरा साथ निभाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!
कभी न मांगे खर्चा-पानी,
कम न होती इसकी रवानी।
कसरत और जॉगिंग में तो,
अव्वल रहती सदा कहानी।
प्रदूषण से सबको बचाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!



## बूझो तो जानें



1 एक गुफा में बत्तीस चोर
सबके तन हैं श्वेत,
खाने वाली चीजों पर ये
जुटते हैं समवेत।



2 एक बक्से में चालीस चोर
सबका मुंह है काला,
पैर पकड़ जिसका भी रगड़ो
वो झट करे उजाला।

3 एक वृक्ष में बारह शाखें
बावन उनके होती आंखें,
तीन सौ पैंसठ जिसमें फूल
क्या कहलाए बोलो मूल?

-वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1. दांत, 2. माचिस, 3. वर्ष

## जीके क्विज-207

1. हाल ही में भारत के किस शहर में हाइड्रोजन बस सेवा शुरू की गई है?
2. इंटरनेशनल बुकर लिटरेचर प्राइज 2026 के विजेता कौन बने हैं?
3. भारत के किस राज्य ने देश में सबसे पहले एआई मंत्रालय बनाया है?
4. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है?
5. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
6. पिछले दिनों किस पर्वतारोही ने 32वीं बार माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया?
7. भारत का पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र कहां स्थापित किया गया था?
8. इंसुलिन का प्रयोग किस बीमारी के उपचार में होता है?
9. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
10. सांची का स्तूप किस राज्य में स्थित हैं?



बच्चो, जीके क्विज-207 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-206 का उत्तर :** 1. सी. जोसेफ विजय, 2. क्रिस्टोफर कोलंबस, 3. फॉस्टिनो ऑरो, 4. 5 जून, 5. हर्षवर्धन, 6. रामकृष्ण परमहंस, 7. भारत रत्न, 8. प्रकाश संश्लेषण, 9. दादाभाई नौरोजी, 10. शुक्र

**जीके क्विज-206 का सही उत्तर देने वाले :** प्रीति-रायपुर, पूरब-बिलासपुर, गरिमा-गरियाबंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, वर्णिका-खैरागढ़, मोहनीश-गरियाबंद, तेजस-रोहतक, दिव्या-हिसार, संचित-महासमुंद



कहानी
डॉ. अलका जैन 'आराधना'

इन दिनों गर्मी की छुट्टियों में पिंकू देर तक सोता था। दादी ने कई बार उसे टोका कि सुबह उठकर ताजी हवा का आनंद लिया करे। पिंकू की आदत नहीं सुधरी। लेकिन कुछ समय बाद ही, एक नन्ही गिलहरी ने पिंकू की देर से उठने की आदत सुधार दी। बच्चो, है ना हैरान करने वाली बात!

# गिलहरी ने सुधारा पिंकू को



पिंकू के स्कूल में गर्मी की छुट्टियां चल रही थीं। वह आजकल देर तक सोता था। उसकी दादी उससे बार-बार कहतीं, 'सुबह जल्दी उठा करो। गर्मियों की सुबह बहुत सुहानी होती है। बाहर टहलने जाओ, ताजी हवा खाओ। सूरज सिर पर आने के बाद उठने से क्या फायदा?' जवाब में पिंकू दादी से यही कहता, 'दादी, आप भी ना! पूरे साल तो जल्दी उठकर स्कूल ही जाता हूं। कम से कम छुट्टियों में तो चैन से सोने दें।'

दादी उसे समझातीं, 'बेटा, तुम दिन में भी थोड़ा सो सकते हो। सुबह जब जल्दी उठकर पार्क में खेलने जाओगे तो तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा, तुम स्वस्थ रहोगे।'

दादी की बातों का कोई असर पिंकू पर नहीं होता। वह रात को देर तक अपने पसंदीदा टीवी शोज देखता, सुबह दस बजे से पहले नहीं उठता। पिंकू को सोते समय शांति पसंद थी। वह अपना कमरा बंद करके, सभी पर्दे लगाकर सोता था, ताकि उसकी नींद में कोई रुकावट न आए। उसका देर से उठने का सिलसिला लगातार चल रहा था। एक दिन सुबह-सुबह हल्का-सा शोर सुनकर पिंकू की नींद टूट गई। यह आवाज घर के अंदर से नहीं आ रही थी। उसने गौर किया, बाहर लॉन की तरफ से उसकी खिड़की के शीशे पर कोई ठक-ठक कर रहा है। पिंकू एक बार तो डर गया। उसने पास ही रखी स्मार्ट वॉच को उठाकर टाइम देखा, सुबह के पांच बज रहे थे। उसे समझ में नहीं आया कि इतनी सुबह भला कौन आएगा? पिंकू फिर से सोने की कोशिश करने लगा। लेकिन यह क्या? ठक-ठक की आवाज आना तो बंद ही नहीं हुई। पिंकू की नींद पूरी तरह उचट गई। वह उठा और धीरे-धीरे कदम बढ़ाते हुए खिड़की के पास आया, पर्दा हटा कर देखा, उसे कोई नहीं दिखाई दिया। पिंकू फिर से बिस्तर पर आकर लेट गया। उसने फिर से सोने की कोशिश की। जैसे ही आंख लगी, फिर से खिड़की पर ठक-ठक होने लगी। पिंकू एक बार फिर खिड़की के पास गया और पर्दा हटाकर देखा, लेकिन इस बार भी उसे कोई नहीं दिखाई दिया। पिंकू वापस बिस्तर पर आकर लेट गया। थोड़ी ही देर में कुछ सोचकर वह उठा, वहीं खिड़की के पास की दीवार से सटकर खड़ा हो गया, जैसे ही आवाज आई, उसने खिड़की का पर्दा हटाकर जो देखा, देखकर दंग रह गया। एक नन्ही-सी गिलहरी खिड़की के कांच के पास आकर ठक-ठक कर रही थी। पिंकू को मन ही मन अपने पर हंसी आई, 'मैं बेकार ही डर रहा था।'

अब तो यह रोज का सिलसिला हो गया था। सुबह ठीक पांच बजे वही ठक-ठक की आवाज चालू हो जाती थी। पिंकू सो नहीं पाता। उसे ऐसा लगने लगा, मानो वह गिलहरी दादी की सहेली हो, दादी ने उसे जगाने की ट्रेनिंग दी है। एक दिन सुबह ठक-ठक की आवाज से परेशान होकर पिंकू उठा, उसने अपने स्लीपर पहने और बाहर लॉन में आ गया। लॉन में वही नन्ही गिलहरी उछल-कूद कर रही थी। बाहर दादी की चप्पलें नहीं रखी हुई थीं, मतलब दादी वॉक पर चली गई थीं। पिंकू की नजर गार्डन के फूल-पौधों पर पड़ी, वो मुरझाए से लग रहे थे। दादी रोज वॉक से लौटकर पौधों को पानी देती थीं। पिंकू ने एक पल कुछ सोचा, फिर वहां रखा हुआ पाइप नल में लगाया और पौधों को पानी देने लगा। एक गमले में उसने थोड़ा ज्यादा पानी भर दिया था। वह दूसरे गमले की तरफ बढ़ा ही था, नन्ही गिलहरी जाकर पानी भरे उस गमले से पानी पीने लगी। पिंकू को यह दृश्य बहुत प्यारा लगा। पिंकू ने गिलहरी से यों ही प्यार से पूछा, 'तुम मुझे सुबह जल्दी क्यों जगा देती हो?'


गिलहरी ने एक बार और पानी पिया और फुदकती हुई थोड़ा दूर चली गई। अगले दिन फिर उसी ठक-ठक की आवाज से पिंकू की आंख खुल गई। उसने जाकर पौधों को पानी दिया, नन्ही गिलहरी ने भी गमले में भरे पानी को पिया। पिंकू ने तभी देखा- गिलहरी के साथ-साथ पानी पीने चिड़िया भी आ गई है। 'अच्छा, तो नन्ही गिलहरी मुझे इसलिए जगाती है ताकि मैं समय पर पौधों को पानी दूं और उनकी प्यास भी बुझ जाए।' पिंकू ने मन ही मन सोचा।

अब तो पिंकू की नींद रोज सुबह पांच बजे अपने आप खुल जाती थी। वह पौधों को पानी देने के बाद नन्ही गिलहरी को 'गुड मॉर्निंग' कहकर अपनी साइकिल लेकर पार्क की ओर निकल जाता था, जहां उसके दोस्त पहले से ही खेल रहे होते थे। वहां वह थोड़ी देर अपने दोस्तों के साथ खेलता। देर से उठने की आदत की वजह से पिंकू सुबह जल्दी उठने के फायदे नहीं जानता था। लेकिन अब वह जान और समझ गया था। गिलहरी ने पिंकू की देर से उठने की आदत सुधार दी थी। पिंकू की इस बदली हुई आदत से दादी भी खुश थीं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / शिव मोहन यादव

# अच्छी-अच्छी सीख देतीं रोचक कहानियां

बच्चों के प्रिय बाल साहित्यकार हैं गोविंद शर्मा। इनकी एक नई किताब आई है 'पानी में पैसा', जिसमें उनकी लिखी ग्यारह कहानियां संकलित हैं। इस किताब में नैतिकता, मानवता और पर्यावरण संरक्षण जैसे विविध विषयों पर प्रेरक कहानियां हैं। शीर्षक कहानी 'पानी में पैसा' नदी की स्वच्छता का गंभीर संदेश देती है। कहानी कहती है, प्रदूषण के कारण पानी में पैसा ही नहीं, आदमी भी नहीं दिखता।





'झबरू की समझ' एक वफादार कुत्ते की सूझबूझ की कहानी है, जो चोरों को पकड़ने में मदद करता है। 'देखिए और सीखिए' कहानी लालच ना करने और दूसरों का आदर करने की सीख देती है। कहानी 'घंटी तो बंधी थी' सीख देती है कि मोबाइल की लत में ऐसे भी न खोएं कि कोई बड़ा नुकसान हो जाए, किसी बड़े संकट में फंस जाएं। कहानी 'यह ताला भी खुलेगा' में शिक्षा के प्रति जिज्ञासा और लगन का सुंदर चित्रण है। 'बंदर की इंसानियत' कहानी दया-करुणा का पाठ पढ़ाती है। 'रंग मिल गए' और 'पहला दिन : शुभ दिन' जैसी कहानियां हमारे भीतर मेलजोल और सौहार्द की भावना विकसित करती है।

इस कहानी संग्रह की भाषा बोलचाल और बालमन के अनुकूल है। कहानियों में छोटे-छोटे वाक्यों का प्रयोग किया गया है, जिससे बच्चो तुम्हें ये कहानियां पढ़ने और समझने में आसानी होगी। संग्रह की कहानियां सीख देने के साथ, तुम्हारा मनोरंजन भी करती हैं। *

**किताब:** पानी में पैसा (कहानी संग्रह),
**लेखक:** गोविंद शर्मा, **मूल्य:** 150 रुपए,
**प्रकाशक:** साहित्यागार पब्लिकेशन, जयपुर

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां फूलों के बाग की सैर करने आई नन्ही परी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ कर बताओ।



**उत्तर:** 1. परी की जादुई छड़ी में लगे स्टार का कलर अलग है। 2. परी के बाएं पंख के ऊपरी हिस्से में अधिक धारियां बनी हुई हैं। 3. परी के दाहिने पैर के शू का कलर अलग है। 4. परी के बेल्ट का कलर बदला हुआ है। 5. नीचे जमीन पर घास का एक गुच्छा अधिक है। 6. एकदम बाईं तरफ फूल में एक पंखुरी कम है।

## नाम पूरा करो

बच्चो, यहां दिए गए प्रत्येक चित्र के बगल में अंग्रेजी में उसका नाम भी लिखा गया है। प्रत्येक नाम का फर्स्ट लेटर मिसिंग है। तुम हर नाम के नीचे दिए गए सर्कल्स में से सही लेटर चुनकर इन नामों को पूरा करो।



## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने क्षेत्र के एक महेश्वरी निवासी महिला की शिकायत पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे। दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा नहीं होने के कारण पुलिस ने 4 मई को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने खटावली निवासी टोनी को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा का दिया गया।

### मारपीट मामले के दो आरोपी चढ़े हत्थे

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर बीते 13 मार्च को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने मॉडल टाउन निवासी अजीत और कुतुबपुर निवासी पवन को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाला गिरफ्तार

**नारनौल।** सीआईए ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि सीआईए गांव रघुनाथपुरा के पास गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि गहली हाईवे रोड के पास स्थित होटल के एक कमरे में एक युवक बैठकर अपने मोबाइल पर ऑनलाइन सट्टा खाईवाली का अवैध धंधा कर रहा है। पुलिस टीम ने तुरंत उक्त होटल पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने कमरे में मौजूद एक युवक को काबू किया, जो उस समय अपने मोबाइल फोन पर सट्टे के नंबरों को लेकर बातचीत कर रहा था।

### बंद मकान से लाखों रुपये व आभूषण चोरी

**नारनौल।** शहर में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये की नकदी व सोने-चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। घटना शहर थाना क्षेत्र के पुरानी मंडी स्थित सीआईए रोड की है। पीड़ित पुष्पेंद्र पुत्र अनुप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने गांव नोलायजा गया हुआ था और बीते कल ही वह अपने घर वापस लौटा। घर पहुंचने पर उसे चोरी की वारदात का पता चला। पीड़ित के अनुसार चोर घर से तीन सोने की अंगूठियां, एक चांदी की अंगूठी, एक जोड़ी पाजेब, एक सोने की चेन, एक मंगलसूत्र व दो सोने के कड़े चोरी कर ले गए। इसके अलावा घर में रखी करीब 1.50 लाख रुपये की नकदी भी गायब मिली। चोरों ने वारदात को अंजाम देने के बाद घर में लगे कैमरे भी तोड़ दिए और डीवीआर के साथ वाईफाई सिम भी अपने साथ ले गए। शिकायत पर थाना शहर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

46 डिग्री तापमान के बाद शाम के समय मौसम ने लिया अचानक यू-टर्न, दर्जनों पेड़ और बिजली के पोल टूटे

# तूफानी बारिश के साथ गिरे ओले, नौतपा का चौथा दिन रहा सबसे गर्म, शाम को मिली राहत

## बिजली के फीडर हुए बंद, गांवों में छाया अंधेरा


रेवाड़ी। वीरवार शाम को बावल रोड पर जमा बारिश का पानी व गुजरते वाहन। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। वीरवार शाम को आई आंधी से महेन्द्रगढ़ रोड पर टूटकर गिरे पेड़। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। वीरवार शाम को बरसात के साथ गिरे ओले। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गत 25 मई को शुरू हुए नौतपा के चौथे दिन वीरवार को सीजन का सर्वाधिक तापमान दर्ज किया गया। दिन भर हीटवेव ने लोगों को जमकर छकाया। वहीं शाम के समय अचानक मौसम बदलने से आसमान में बरसात के घने बादल छा गए। दिन के समय शहर में अंधेरा छा गया और कुछ देर बाद आंधी के साथ हुई तेज बरसात शुरू हो गई। 10 मिनट बरसात के बाद ओलावृष्टि शुरू हो गई। करीब 30 मिनट हुई तेज बरसात में करीब 10 मिनट रुक-रुक कर ओलावृष्टि होती रही। आंधी-बरसात के साथ हुई ओलावृष्टि से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों पेड़ व बिजली के पोल टूटकर गिर गए। महेन्द्रगढ़ रोड पर कई पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए, जिससे यातायात बाधित हो गया। आंधी के कारण बिजली निगम के कई फीडर भी बंद हो गए, जिससे गांवों में अंधेरा छा गया। बिजली निगम के कर्मचारी देर रात तक बिजली सुचारू करने के लिए जुटे रहे। बरसात व ओलावृष्टि से मौसम सुहावना हो गया, जिसके बाद चली ठंडी हवाओं ने लोगों का गर्मी से राहत दी। इसी के साथ मौसम में अचानक बदलाव आने से नौतपा के दिनों में पड़ने वाली भारी गर्मी का असर भी कम हो गया। शाम के समय मौसम के यू-टर्न से जिले में कई जगह अच्छी बरसात हुई। अगले दो दिनों तक झमाझम बारिश होने की संभावना है, जिससे नौतपा के बचे हुए पांच दिनों में हीट वेव के प्रकोप से राहत मिली रहेगी।

नौतपा के दिनों में गर्मी पीक पर होती है। अगर 9 दिनों में भारी गर्मी नहीं पड़ती, तो मानसून में अच्छी बारिश की उम्मीद नहीं के बराबर मानी जाती है। गत वर्ष नौतपा शुरू होते ही पहले दिन अच्छी बरसात हुई थी, लेकिन मानसून भी सामान्य रहा था। इस बार नौतपा के पहले चार दिन भारी गर्मी से सरोबार रहे। चौथे दिन अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 46.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इस सीजन का अभी तक यह सर्वाधिक तापमान है। न्यूनतम तापमान भी 29.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसमें 4.0 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई। लगभग 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गर्म हवाएं चलती रहीं। तापमान बढ़ने के कारण वीरवार को सुबह से लेकर शाम तक हीट वेव का प्रकोप बना रहा। लोगों का लू के थपेड़ों के कारण घरों से बाहर निकलना मुश्किल बना रहा। बाजार और सड़कों से लोगों की भीड़ गायब रही। भारी गर्मी ने जनजीवन बुरी तरह प्रभावित कर दिया। शाम के समय मौसम में अचानक बदलाव आने के बाद हुई तेज बरसात व ओलावृष्टि से हीट वेव का प्रकोप लगभग खत्म हो गया। इसके बाद तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी आ गई।

### बिजली निगम को राहत

भारी गर्मी के चलते बिजली की खपत तेजी से बढ़ रही थी। दैनिक खपत एक करोड़ यूनिट का आंकड़ा पार गई थी। लोड बढ़ने के कारण बिजली निगम के लिए ट्रांसफार्मरों को बचाने की चुनौती खड़ी हो गई थी। रात के समय भी कई ओवरलोड फीडरों में पावर कट लगाए जा रहे थे, जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। बरसात के बाद बिजली की खपत में भी भारी कमी आने की संभावना बन गई है।

### आज प्री-मानसून बारिश के आसार

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते 29 मई को भी भारी गर्मी से राहत मिल सकती है। आसमान में बादल और तेज हवाओं या आंधी के साथ झमाझम बारिश हो सकती है। प्री-मानसून बारिश के बाद लू का असर लगभग खत्म हो जाएगा। अगले दो से तीन दिन तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है, जिससे तापमान में 8 से 10 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। नौतपा के बचे हुए पांच दिनों में लू के प्रकोप से निजात मिली रहेगी, लेकिन हवा में नमी के चलते अब उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

# हरित योग के रूप में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए एसडीएम सुरेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए एसडीएम सुरेश कुमार।

आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से 21 जून को 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। एसडीएम सुरेश कुमार ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। एसडीएम ने बताया कि इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस वन विभाग के सहयोग से हरित योग के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत जिले में अधिक से अधिक औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वन विभाग की नर्सरियों से आमजन पौधे ले सकते हैं। वहीं 2 जून को खेल विभाग, शिक्षा विभाग और हरियाणा योगासन खेल एसोसिएशन की ओर से ब्लॉक स्तर पर योगासन प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएंगी तथा 21 जून तक विभिन्न विभागों की ओर से योग से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। एसडीएम ने बताया कि कार्यक्रम के अनुरूप विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण, योग जागरूकता यात्राएं, रिहर्सल और जिला स्तरीय आयोजन किए जाएंगे। 8 जून से 10 जून तक योग जागरूकता यात्राएं निकाली जाएंगी तथा यह यात्रा प्रत्येक गांव में पहुंचकर लोगों को योग के प्रति जागरूक करेगी। उन्होंने बताया कि 11 जून से 13 जून तक तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें जिला तथा ब्लॉक स्तर के प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, पंचायत प्रतिनिधि, पुलिस विभाग, एनसीसी कैडेट, स्कॉउट-गाइड और नेहरू युवा केंद्र संगठन के स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। वहीं 15 जून को जिला स्तर पर योग संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, जन स्वास्थ्य संस्थान, पुलिस विभाग, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, स्कॉउट एवं गाइड सहित विभिन्न संस्थाओं की भागीदारी रहेगी। इनके अलावा 16 जून से 18 जून तक जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे।19 जून को योग संगोष्ठी एवं सेमिनार आयोजित किए जाएंगे, जिसमें मेडिकल शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के सहयोग से विशेषज्ञ योग एवं स्वास्थ्य विषयों पर जानकारी देंगे। 20 जून को योग की फाईनल रिहर्सल आयोजित की जाएगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम 21 जून को सुबह 7 बजे से 8 बजे तक किया जाएगा।

# नेहरू पार्क सुधार समिति ने की पार्क के कार्यों की एसीबी से जांच कराने की मांग

- एसीबी से जांच कराने व टेंडर लेने वाली फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। नेहरू पार्क में नए प्रधान का स्वागत करते समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

वीरवार को नेहरू पार्क सुधार समिति की बैठक पार्क में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अजय मित्तल ने की। इस मौके पर पार्क के सुधार व सौन्दर्य का लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर समिति के सदस्यों की ओर से सर्वसम्मति से रामचंद्र अग्गी को प्रधान नियुक्त किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि नगर परिषद की ओर से पार्क के सुधार के लिए ठेकेदार का 63 लाख 90 हजार का वर्क ऑर्डर दिया गया था, लेकिन पार्क में अभी तक कोई भी संतोषजनक कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने कार्य की एसीबी से जांच कराने व टेंडर लेने वाली फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर परिषद के अधिकारियों की ओर से बिना कार्य के ठेकेदार को किए गए भुगतान पर विभागीय कार्रवाई होनी चाहिए। समिति के सदस्यों ने कहा कि आगामी ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में आने वाली अध्यक्ष मंत्री रणबीर गंगवा व डीसी का मामले की शिकायत भी दी जाएगी। इस मौके पर संस्था के उप प्रधान केके जांगिड़, सचिव एडवोकेट मधुसूदन शर्मा, कोषाध्यक्ष विनोद गुप्ता, पूर्व पार्षद राजेंद्र सिंहल, रेडक्रॉस सोसायटी सदस्य दीपक मंगला, पूर्व पार्षद एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह गुप्ता, गिरीश सिंगला व पूर्व मंडल महामंत्री संजय चौहान सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### शिविर में भाग लेने के लिए स्वयंसेवक रवाना

**कनीना।** सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में हिस्सा लेने के लिए एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ककराला के विद्यार्थी वीरवार को रवाना हो गए। यह शिविर डीएवी स्कूल नारनौल में आयोजित किया जाएगा। जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान, सामाजिक जागरूकता रैली, योग, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान जागरूकता तथा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की जाएगी। शिविर में भागीदारी लेने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शिप्रा सारस्वत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## जिले की सभी मस्जिदों में सुबह से रही भीड़, शांति व सुरक्षा के लिए पुलिस बल रहा तैनात

# ईद-उल-अजहा पर नमाज अदा कर मांगी अमन-चैन की दुआ

- नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने आपस में गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। धक्का बस्ती मस्जिद में ईद-उल-अजहा पर नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग, ईद-उल-अजहा एक-दूसरे को बधाई देते हुए। फोटो : हरिभूमि

मुस्लिम सुमदाय की ओर से वीरवार को ईद-उल-अजहा यानि बकरीद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से ईद की नमाज अदा की गई। शहर की सबसे बड़ी मस्जिद धक्का बस्ती पीर बाबा वाली मस्जिद सहित आसिया मस्जिद पुराना सिटी थाना, अक्शा मस्जिद चौधरीवाड़ा, खोल मस्जिद, मदीना मस्जिद रेलवे स्टेशन व गांव गुड़ियानी स्थित ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ी गई। इस मौके पर मस्जिद के इमाम मोहम्मद इस्माइल ने देश में अमन चैन और समाज मे भाईचारे व एक दूसरे के धर्म का सम्मान करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह त्योहार कुबार्नी का है, लेकिन हम परिवार व समाज को नुकसान पहुंचा रहे है। सभी को इस कार्य को छोड़कर हर प्रकार की बुराइयों को खत्म करने का प्रण लेना चाहिए। मुस्लिम समाज के प्रधान मुबीन खान ने भी सभी को शांति व भाईचारे का संदेश दिया। प्रधान ने कहा कि हमें समाज को एकजुट रखने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईद शरीर की शुद्धि के साथ आत्मा की शुद्धि भी करती हैं। नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने आपस में गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी। नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व शांति के पूरे प्रबंध किए गए। इस मौके पर मस्जिद के खजांची पप्पू खान, हाजी सलामुद्दीन चौहान, डा. इस्माइल, एडवोकेट सलीम खान, मास्टर नूर मोहम्मद, हाफिज सुबहान, वकील खान, मलखान, दीन मोहम्मद, पम्मी, परवेज, सलामत, सुल्तान खान, अनिल खान व आनन्द सहित समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आईजीयू में पहली बार बैचलर ऑफ फिजिकल साइंसेज कोर्स शुरू, 60 सीटें निर्धारित


प्रोफेसर रश्मि पुंडीर।

- इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 10 जून 2026 तक आवेदन कर सकते हैं

*मीरपुर।* *इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसेज के अंतर्गत बैचलर ऑफ फिजिकल साइंसेज कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। विवि में पहली बार फिजिकल साइंसेज विषय में तीन वर्षीय स्नातक डिग्री कार्यक्रम आरंभ किया जा रहा है, जो विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में नई संभावनाएं प्रदान करेगा। इस बहुविषयक पाठ्यक्रम में प्रारंभिक रूप से 60 सीटें निर्धारित की गई हैं। पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 अथवा समकक्ष परीक्षा भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं गणित विषयों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक तथा हरियाणा के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दृष्टिबाधित एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 47.5 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं। प्रवेश प्रक्रिया 10+2 की मेरिट के आधार पर संपन्न होगी। पाठ्यक्रम पूर्ण करने के बाद विद्यार्थी एमएससी, इंटीग्रेटेड पीएचडी तथा शुद्ध एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान के उन्नत शोध कार्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं, इसरो, डीआरडीओ, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र ओएनजीसी, शिक्षण, डेटा विश्लेषण, तकनीकी लेखन तथा वैज्ञानिक अधिकारी जैसे विभिन्न सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। विश्वविद्यालय की डीन फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसेज प्रोफेसर रश्मि पुंडीर ने बताया कि कार्यक्रम का पाठ्यक्रम सिद्धांत, प्रयोगात्मक प्रशिक्षण तथा कम्प्यूटेशनल टूल्स के संतुलित समावेश के साथ तैयार किया गया है, जिससे विद्यार्थी मटेरियल साइंस, नैनो टेक्नोलॉजी, पर्यावरण विज्ञान तथा एआई आधारित वैज्ञानिक मॉडलिंग जैसे उभरते क्षेत्रों में भी अपनी विशेषज्ञता विकसित कर सकेंगे। विवि की ओर से ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 26 मई से प्रारंभ की जा चुकी है। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 10 जून 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।*

# नगर परिषद अभी तक टेंडर के फेर में उलझी



## गत दो वर्षों से बरसाती नालों की हो रही आधी-अधूरी सफाई

# प्री-मानसून दस्तक देने को तैयार गंदगी से सराबोर शहर के नाले

### विभाग मानसून से पूर्व नालों व सीवरेज की साफ-सफाई कराए

शहर के सेक्टर-1 के पास बरसाती नाला, मिनी बाइपास से साधूशाह नगर जा रहा बरसाती नाला, दिल्ली रोड का बरसाती नाला, ऑटो मार्केट का नाला, राव तुलाराम पार्क के पास का नाला, मॉडल टाउन व सरकुलर रोड के नाले अभी भी गंदगी से लबालब है। गत दिवस डीसी अभिषेक मीणा विभागों को मानसून से पहले नालों व सीवर की साफ-सफाई करने के आदेश दे चुके है। आदेश में कहा गया कि विभाग मानसून से पूर्व नालों व सीवरेज की साफ-सफाई कराएं ताकि पानी निकासी सुचारू हो सकें और जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

### विभाग जलभराव से निपटने को तैयारः एक्सईएन



आगामी बरसात के मौसम में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए विभाग की ओर से सीवरेज की सफाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है। शहर के कई स्थानों पर स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल टैंकों की सफाई की जा चुकी है। विभाग जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

-विनय प्रकाश चौहान, एक्सईएन, पब्लिक हेल्थ विभाग।

■ पब्लिक हेल्थ विभाग दुरूस्त करने लगा सिवरेज सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जल्द ही प्री मानसून दस्तक देने वाला है। नगर परिषद की ओर से अभी तक बरसाती नालों की सफाई का कार्य तक शुरू नहीं किया गया है। नगर परिषद की ओर से अभी तक टेंडर तक नहीं किए गए है। प्रति वर्ष बरसाती नालों की सफाई के लिए लाखों रुपये के टेंडर किए जाते है, लेकिन नालों की ठीक से सफाई नहीं हो पाती है, जिससे शहर की सड़कों पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जता है और लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। बरसात आने से एक महीने पहले नालों की सफाई करनी होती है, लेकिन नगर परिषद हर बार टेंडर प्रक्रिया में उलझ जाती है और समय निकलने पर नालों की आधी-अधूरी सफाई हो पाती है। नगर परिषद की ओर से ठेका लेने वाले ठेकेदार की ओर से प्रति नालों की सफाई में खानापूर्ति कर दी जाती है।

सिटी पल्स

#### पब्लिक हेल्थ का सीवरेज सफाई का कार्य शुरू

मानसून सीजन को देखते हुए जनस्वास्थ्य विभाग ने शहरवासियों को जलभराव और सीवर जाम जैसी परेशानियों से निजात दिलाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। विभाग के कर्मचारी सीवरेज सिस्टम सहित मुख्य जल निकासी केंद्रों को दुरुस्त करने में जुटे हुए है। विभाग की टीम ने नागरिक अस्पताल परिसर स्थित स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल टैंक की सफाई का कार्य पूरा कर लिया है। वही बाल भवन स्थित बरसाती पानी के मुख्य डिस्पोजल को भी साफ किया गया है, ताकि भारी बारिश के दौरान भी पानी की निकासी बिना किसी रुकावट के हो सके।

#### पॉलीथिन-बोतलों से ब्लाक हो रहे सीवर

नगर परिषद की ओर से शहर में कई जगह नालों को सीवर लाइन से जोड़ा हुआ है, जिनमें अधिकांश स्थानों पर जाली नहीं लगी हुई है, जिसके कारण बोतलें, पॉलीथिन व अन्य कचरा सीधे सीवर लाइन में चले जाते हैं। इससे शहर में बार-बार सीवर जाम होने की समस्या उत्पन्न हो रही है तथा कई चैंबर भी पूरी तरह कचरे से भर चुके हैं। पब्लिक हेल्थ विभाग ने नगर परिषद के अधिकारियों को पत्र लिखकर अनुरोध है कि सभी नालों के प्वाइंट्स पर जाली लगवाने की व्यवस्था करें ताकि सीवर जाम की समस्या से राहत मिल सकें।



रेवाड़ी। गंदगी से सराबोर मॉडल टाउन का नाला, तुलाराम पार्क के पास का नाला, पब्लिक हेल्थ के सीवर की सफाई करता कर्मचारी तथा बाजार में सीवर की सफाई करते कर्मचारी।

## न्यूज डायरी




### निरंकारी मिशन डहीना ब्रांच की साध संगत ने लगाई छबील

रेवाड़ी। वीरवार संत निरंकारी मंडल डहीना ब्रांच की ओर से बस स्टैंड पर मीठे पानी की छबील लगाई गई, जिसमें मंडल की सेवादल टीम ने योगदान दिया और राहीगरों को मीठा पानी पिलाया। ब्रांच के मुखी महात्मा धर्मपाल ने कहा कि निरंकारी मिशन का उद्देश्य आपस में हर मानव से प्रेम करना है और सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की कृपा से मिशन हमेशा समाज कल्याण के हित के लिए समय-समय पर सेवा देता है।

### विधायक अनिल आज करेंगे परियोजनाओं का शुभारंभ

कोसली। कोसली के विधायक अनिल यादव अपने धन्यवादी दौरों के तहत 29 मई को हलके के कई गांवों में पहुंचेंगे। इस दौरान वह ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं का निदान करेंगे। वह इन गांवों में विकासकार्यों का शुभारंभ भी करेंगे। बटौड़ी निवासी अनिल यादव ने बताया कि विधायक सबसे पहले बास गांव में ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए विकास पर चर्चा करेंगे। इसके बाद वह नांगल मूंदी, भटेड़ा व भोतवास अहीर में भी ग्रामीणों के बीच जाकर उनका आभार व्यक्त करेंगे। इस मौके पर डहीना ब्लॉक समिति चेयरमैन करनपाल, पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र यादव मूंदी, ब्लॉक समिति सदस्य सुनील चौहान व पूनम शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उनके साथ मौजूद रहेंगे। अनिल यादव ने विधायक बनने के बाद से ही खुद को हलके में पूरी तरह से एक्टिव किया हुआ है। वह नियमित रूप से हल्के के लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निदान कराने का प्रयास करते हैं।

### बिजली लाइन पर काम करते समय व्यक्ति की मौत

कोसली। झाडौदा पावर हाउस के अधीन बिजली लाइन पर काम करते समय बुधवार को यूपी के बदांयू जिले के खेड़ा शहजादनगर गांव के एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के भाई लोकपाल सिंह ने ठेका लेकर काम करा रही कनीना की धर्मपाल एंड कंपनी तथा बिजली निगम के फोरमैन के विरुद्ध कोसली थाने में लापरवाही बरतने का मामला दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका 44 वर्षीय छोटा भाई भगतसिंह धर्मपाल एंड कंपनी को मिले वर्क आर्डर के तहत जीओ स्वीच बदलने का कार्य कर रहा था। डीएचबीवीएन के झाड़ौदा पावर हाउस के फोरमैन धर्मवीर ने गुजरवास एपी लाइन का परमिट लेने के बाद उसे गाहड़ा डीएस की चालू लाइन पर काम करने के लिए चढा दिया, जिससे उनके भाई को 11केवी का बिजली करंट लगा। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे रेवाड़ी नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर कंपनी व फोरमैन के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वीरवार को मृतक का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### धामलावास में पंचायती जमीन से हटवाया गया अतिक्रमण



रेवाड़ी। धामलावास में पंचायती जमीन पर किए गए अतिक्रमण को पंचायत विभाग की टीम ने जेसीबी से साफ करा दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। गांव की पंचायती जमीन पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ था। इसकी शिकायत प्रशासन को की हुई थी। प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटवाने के आदेश जारी किए गए थे। वीरवार को डहीना बीडीपीओ ऑफिस के एसडीओ जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में पंचायत विभाग की टीम जेसीबी लेकर गांव पहुंची। रामपुरा थाना पुलिस भी इस मौके पर मौजूद रही। टीम ने जेसीबी मशीन से पंचायती जमीन को खाली करा दिया। पुलिस बल मौजूद रहने के कारण किसी भी ग्रामीण ने इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं किया। जमीन साफ कराने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

## वर्तमान ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में नवाचारों की सुरक्षा अत्यंत आवश्यकः प्रो. सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य वक्ता व प्रोफेसर। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग की ओर से इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एनएसयूटी नई दिल्ली के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नन्हे सिंह थे। उन्होंने बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व, नवाचार एवं शोध कार्यों की सुरक्षा, पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क तथा स्टार्ट-अप एवं अनुसंधान में आईपीआर की भूमिका पर प्रकाश डाला। वर्तमान ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में नवाचारों की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों और शोधार्थियों को अपने शोध एवं तकनीकी विचारों को पेटेंट कराने के प्रति जागरूक होना चाहिए। विवि के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने विद्यार्थियों को नवाचार एवं अनुसंधान आधारित गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में शोध संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह ने विद्यार्थियों को तकनीकी एवं शोध आधारित कार्यों में निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया।

## ग्रामीणों को नशे से दूर रहने व साइबर फ्रॉड सहित अनेक अपराधों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जानकारी देते हुए पुलिस टीम।

पुलिस की नशा मुक्ति टीम जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही हैं। नशा मुक्ति टीम व दुर्गा शक्ति टीम ने वीरवार को गांव गुर्जर माजरी व नांगल शहबाजपुर में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों सहित महिला व बच्चों के विरुद्ध अपराध, साइबर अपराध व ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी और अपराधों की पहचान, बचाव व निवारण से अवगत कराया। इस अवसर पर दुर्गा शक्ति इंचार्ज एएसआई कविता व नशा मुक्ति टीम से निरीक्षक रामपाल सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे। पुलिस टीम ने अपराधों के लिए लागू किए गए सजा के प्रावधानों सहित पोक्सो एक्ट व बाल किशोर अधिनियम की जानकारी दी। पुलिस टीम ले कहा कि युवाओं में शिक्षा व खेलों के प्रति रुचि नशे से दूर रखने में सहायक होती है। ऐसे में युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर शिक्षा व खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए, इसका हिस्सा बने, क्योंकि आजकल नौजवान पीढ़ी नशे की लत में पड़ती जा रही है, जोकि आने वाले समय में बहुत ही घातक सिद्ध हो सकती है, जिसे रोकने ले लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने ग्रामीणों से यातायात नियमों की पालना करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने, रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने, वाहन चलते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने, नशीले पदार्थ और बीड़ी, सिगरेट का प्रयोग न करने के साथ ही नाबालिग बच्चों को टू और फोर व्हीलर गाड़ी न चलाने देने की अपील की।

### आत्महत्या को मजबूर करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

■ जमानत मिलने के बाद आरोपी को किया रिहा

रेवाड़ी। रामपुरा थाना पुलिस ने आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सुसाइड के बाद पीड़ित पक्ष के बयान पर पुलिस ने गत 6 मई को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया था। इस केस का आरोपी मॉडल निवासी हिमांशु फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश कर दिया। जमानत मिलने के बाद आरोपी को रिहा कर दिया गया।

### हजरस का राज्य स्तरीय सम्मान समारोह एक को

रेवाड़ी। हजरस की ओर से 1 जून को राज्य स्तरीय शिक्षा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह का आयोजन जाट धर्मशाला में 9 बजे किया जाएगा। हजरस प्रधान सुमेर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा बोर्ड की कक्षा 12वीं में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा दीपिका मेघवाल तथा दसवीं कक्षा में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा दीपिका भिवानी को सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक छात्रा को एक लाख एक हजार रुपए की राशि सम्मान निधि के रूप में प्रदान की जाएगी। हजरस महासचिव दयाराम मोरवाल ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश निमडिया हजरस स्टेट प्रधान करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

### जिले में मकान सूचीकरण गणना कार्य 98.82 प्रतिशत पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिले में जनगणना का कार्य पूरी जिम्मेदारी और सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण किया जा रहा है। सभी चार्ज अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में पहुंचकर मकान सूचीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए जांच कर रहे है। साथ ही कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की लगातार समीक्षा की जा रही है, ताकि जनगणना का कार्य तय समय सीमा के भीतर प्रभावी तरीके से पूरा किया जा सकें। डीसी ने बताया कि जिले में मकान सूचीकरण गणना का कार्य 98.82 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जनगणना प्रगति रिपोर्ट के अनुसार तहसील कोसली, नगर पालिका धारूहेड़ा व नगर पालिका बावल में 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि तहसील बावल में 98.48 प्रतिशत, तहसील रेवाड़ी में 99.11 प्रतिशत व नगर परिषद रेवाड़ी में 97.11 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि नागरिक जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को पूरा सहयोग करें। उन्होंने कहा कि यह कार्य देश की योजनाओं और विकास से सीधे जुड़ा हुआ है, इसलिए सभी नागरिकों की भागीदारी जरूरी है।

## रेवाड़ी में अमृत फार्मेसी सहित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार क्लीनिक की आज होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



हरियाणा सरकार की ओर से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, सुलभ एवं जनहितकारी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार क्लीनिक अभियान की शुरूआत की जा रही है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे और स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार क्लीनिक से महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य परामर्श, जांच एवं उपचार सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि आमजन को कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अमृत फार्मेसी का शिलान्यास किया जाएगा। हरियाणा सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को डिजिटल रूप से मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है। रेवाड़ी जिले के नागरिक अस्पताल में आधुनिक टेली-ईसीजी मशीनों का शुभारंभ भी किया जाएगा।

#### आज होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित होगा, जिसमें राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। कार्यक्रम में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार और कोसली के विधायक अनिल यादव की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

कीर्तन | नई अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर में एकादशी पर हुआ श्री श्याम बाबा का संकीर्तन

# 'सजने का है शोकीन कोई कसर न रह जाए ऐसा कर दो श्रृंगार सब देखते रह जाए' ...

■ श्री श्याम शृंगार सेवा ग्रुप की ओर से मनाया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। सजी श्याम बाबा की भव्य प्रतिमा तथा श्याम संकीर्तन में भजन गाते गायक अमित नामा।

नई अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर में बुधवार रात्रि एकादशी पर श्री श्याम प्रभु के 129वें संकीर्तन का आयोजन किया गया। श्री श्याम शृंगार सेवा ग्रुप की ओर से आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में जयपुर से भजन गायक अमित नामा व गोकलगढ़ से गायक संजय शर्मा के जागरण में अनेक मनमोहक भजन सुनाकर श्रृद्धालुओं को भाव विभोर किया। श्री श्याम शृंगार सेवा ग्रुप के सदस्यों ने बाबा की ज्योत प्रज्जवलित कर संकीर्तन का शुभारंभ किया। वीरवार को द्वादशी के अवसर पर शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

#### भजनों से किया बाबा की महिमा का गुणगान

एकादशी पर गोकलगढ़ से भजन गायक संजय शर्मा ने गणेश जी व हनुमान जी की वंदना से जागरण का शुभारंभ किया। उन्होंने 'तुम्ही मेरी माता, पिता भी तुम्ही हो, तुम्ही मेरे बंधू सखा भी तुम्ही हो' सहित अनेक भजन सुनाए। इसके बाद जयपुर से भजन गायक अमित नामा ने 'सजने का हैं शोकीन, कोई कसर न रह जाए, ऐसा कर दो शृंगार सब देखते रह जाए', 'यो पांडव कुल अवतार बड़ो अलबेलो है, करले करुण पुकार, सौंप दे नैया की पतवार, बड़ो अलबेलो है', व 'दीनानाथ मेरी बात छानी कोणी तेरे से, आंखडली चुराकर बाबा जासी कठे मेरे से' सहित अनेक भजनों से बाबा की महिमा का गुणगान किया। श्याम संकीर्तन में चरत अग्रवाल, विजय अग्रवाल, रवि भट्ठेवाले, रितेश बंसल, विकास बंसल, राजुल, अमित अग्रवाल, मनीष सचदेवा, अनिल मखीजा, पुरुषोत्तम, संजय सहगल, मयूर गोयल, कुशल गोयल, नवीन शर्मा, सोनिया, अभिलाषा, मीनाक्षी, आरती, हिना, नंदिनी व कविता सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### यादव सभा का हेल्थ चेकअप कैंप व बैठक 31 को

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से 31 मई को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम मेडिसन, हड्डी रोग, सर्जरी, नेत्र रोग, चर्म रोग, दंत रोग व स्त्री रोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेगी। कैंप में फिजियोथेरेपी की सेवाएं भी उपलब्ध रहेगी। प्रवक्ता ने बताया मेडिकल कैंप के बाद 11 बजे यादव कल्याण सभा की मासिक बैठक प्रधान रामबीर यादव की अध्यक्षता तथा मुख्य संरक्षक महंत लाल दास महाराज के सानिध्य में आयोजित की जाएगी। मीटिंग में महीने के आय-व्यय व विभिन्न गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा।